पत्रांकः– 101 /

बिहार सरकार
मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग

प्रेषक,

अजय यादव,
सचिव,
बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी जिला अवर निबंधक,
सभी अवर निबंधक।

पटना, दिनांक– 06.01.26

विषयः– वित्तीय वर्ष–2025–26 के लिए निर्धारित राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करने के संबंध में।

महाशय,

जैसा कि आप अवगत है कि वित्तीय वर्ष–2025–26 का राजस्व लक्ष्य 9130.00 करोड़ रूपया निर्धारित है। उक्त निर्धारित राजस्व लक्ष्य के विरूद्ध माह दिसम्बर, 2025 तक मात्र 5320.10 करोड़ रूपये की वसूली हो पायी है, जो कि निर्धारित लक्ष्य का 58.27 प्रतिशत है। निर्धारित लक्ष्य से कम राजस्व की वसूली चिंताजनक है, क्योंकि वित्तीय वर्ष की समाप्ति में मात्र 03 (तीन) माह शेष रह गया है। ज्ञातव्य हो कि गत वर्ष–2024–25 की इसी अवधि में 5948.87 करोड़ रूपये की वसूली हुई थी।

अतः आपको निदेश दिया जाता है कि विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य की शत–प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित की जाय। प्राथमिकता के आधार पर अपने–अपने क्षेत्रान्तर्गत खनन से संबंधित लीज, पट्टा, सैरात, लंबित निलामवाद का निस्तारण, धारा–47 (A) के अंतर्गत निस्तारित दस्तावेजों में लंबित राजस्व की वसूली एवं बड़े–बड़े दस्तावेजों के साथ–साथ अन्य दस्तावेजों का भी निबंधन करना सुनिश्चित किया जाय। स्थल निरीक्षण में भी तेजी लायी जाय एवं Cross Verification पर विशेष बल दिया जाय। इस प्रकार राजस्व को बढ़ाने हेतु जो भी आवश्यक कदम उठाना हो, उसका प्रचार–प्रसार के साथ–साथ जागरूकता अभियान भी चलाया जाय, ताकि निर्धारित राजस्व लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाय।

विश्वासभाजन

(अजय यादव)
सचिव,
बिहार, पटना।
दिनांक– 06.01.26

ज्ञापांक– 101 /

प्रतिलिपि– सभी समाहर्त्ता–सह–जिला निबंधक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव,
बिहार, पटना।
दिनांक– 06.01.26

ज्ञापांक– 101 /

प्रतिलिपि– सभी प्रमण्डलीय सहायक निबंधन महानिरीक्षक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि अपने–अपने क्षेत्राधिकार से संबंधित कार्यालयों का राजस्व संग्रहण के दृष्टिकोण से विशेष बल देते हुए अनुश्रवण करना सुनिश्चित किया जाय।

सचिव,
बिहार, पटना।

Scanned with OKEN Scanner